बिज़नेस भास्कर

Business Standard और TheEconomist की खबरों के साथ

बिलासपुर, शनिवार 21 नवंबर, 2026

बड़ा दांव • इलाज के नए सिस्टम पर काम... कंसल्टेशन, जांच, फार्मेसी, होम हेल्थकेयर एक नेटवर्क में जुड़ेंगे

रिलायंस, अदाणी, बजाज हेल्थकेयर में उतरे

भास्कर न्यूज | मुंबई

उत्साह बढ़ा • जुलाई-सितंबर के बीच तीन महीनों में ही 22,420 करोड़ रुपए का प्राइवेट इक्विटी निवेश

हेल्थकेयर सेक्टर में अब तक प्राइवेट इक्विटी (पीई) फंड बड़ा निवेश कर मोटा मुनाफा कमाते रहे हैं। अब रिलायंस, अदाणी और बजाज जैसे बड़े कारोबारी घराने भी अपने-अपने अस्पताल खड़े करके इस सेक्टर में लंबी पारी खेलने उतर रहे हैं।

ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक, बजाज ग्रुप पुणे में ₹2,000-2,500 करोड़ लगाकर 'निवारा' ब्रांड के तहत मोहल्ला केंद्र, जांच सुविधाएं और 500 बिस्तरों वाला अस्पताल बनाएगा। रिलायंस ने दिसंबर, 2024 में कैंसर इलाज की कंपनी कार्किनोस हेल्थकेयर ₹375 करोड़ में खरीदी थी। इधर जुलाई-सितंबर तिमाही में पीई/वीसी (वेंचर कैपिटल) निवेश सालाना आधार पर 621% उछलकर 3.1 अरब डॉलर (28,707 करोड़ रुपए) तक पहुंच गया। ईवाई-आईवीसीए की रिपोर्ट कहती है कि इंफ्रास्ट्रक्चर के बाद हेल्थकेयर सबसे ज्यादा पीई निवेश पाने वाला सेक्टर है।

बजाज • 70% इलाज अस्पताल के बाहर संभव

बजाज इंटीग्रेटेड हेल्थ सिस्टम के एमडी निरव बजाज के मुताबिक, करीब 70% बीमारियों का इलाज अस्पताल के बाहर हो सकता है। इसलिए कंसल्टेशन, जांच, फार्मेसी और होम हेल्थकेयर एक ही नेटवर्क में जुड़ेंगे। कंपनी की योजना 15 साल में 10 से ज्यादा शहरों तक पहुंच बनाने की है। बीमा बिजनेस से तालमेल बिठाने की भी तैयारी है।

अदाणी • 6000 करोड़ की चैरिटी पहल से शुरुआत

₹6,000 करोड़ की लागत से अहमदाबाद और मुंबई के दो हेल्थ कैंपस नॉट-फॉर-प्रॉफिट ब्रांच से बनेंगे। इन्हें अदाणी परिवार दान के रूप में फंड करेगा, इसलिए इसे बजाज-रिलायंस जैसा कमर्शियल निवेश नहीं मान सकते। आगे व्यावसायिक एंट्री की संभावना खारिज नहीं की गई है।

निवेशक	कंपनी	राशि
केकेआर	मेडिकवर इंडिया	12,965
पर्मिरा-टीपीजी कैपिटल	क्लाउडनाइन	4,167
एडवांट इंटरनेशनल	यथार्थ हॉस्पिटल्स	3,047
संस्थागत निवेशक समूह	मणिपाल हेल्थ	2,241
कुल		22,420

केकेआर ने बीती तिमाही हेल्थकेयर में सभी सेक्टरों की सबसे बड़ी पीई/वीसी डील की।

नोटः राशि करोड़ रुपए में, स्रोतः ईवाई-आईवीसीए

रिलायंस • ₹375 करोड़ की कैंसर डील से 3,500 बिस्तर तक का प्लान

- **सेवन हिल्सः** मुंबई में 1,500 बिस्तरों वाला यह अस्पताल मार्च 2018 से दिवालिया प्रक्रिया में था। एनसीएलटी ने कैपरी ग्लोबल की समाधान योजना मंजूर की है, जिसे रिलायंस समूह की इक्विटी मदद मिलेगी। रिलायंस ने इसमें ₹885 करोड़ लगाया है।
- **मेडिकल सिटीः** रिलायंस फाउंडेशन ने अगस्त, 2025 में मुंबई में 2,000 बिस्तरों की मेडिकल सिटी और मेडिकल कॉलेज की घोषणा की। इसके साथ सेवन हिल्स को भी एकीकृत मेडिकल हब में बदला जाएगा।
- **करकिनोसः** वित्त वर्ष 2022-23 में कमाई सिर्फ ₹22 करोड़ थी और दिसंबर 2023 तक करीब 60 अस्पताल इससे जुड़े थे। रिलायंस के नियंत्रण वाली यह कंपनी इंफाल में 150 बिस्तरों का कैंसर अस्पताल भी बना रही है।

भास्कर नॉलेज
बड़े कॉरपोरेट ग्रुप्स को यह सेक्टर दो कारणों से पसंद

- **जरूरतः** अच्छे अस्पतालों के लिए पीई फंड और ऑपरेटरों की होड़ से कीमतें बढ़ रही हैं। पीई को तय अवधि में एग्जिट (निवेश से निकलना) चाहिए, कॉरपोरेट घराने लंबे समय तक पूंजी टिका सकते हैं।
- **डिमांडः** भारत का हेल्थकेयर डिलीवरी बाजार 2025 में ₹7.6 लाख करोड़ का था। ईवाई के मुताबिक, 2028 तक यह 10 लाख करोड़ से ऊपर निकल सकता है। बड़े अस्पताल ऑपरेटरों की आय वित्त वर्ष 2026 में 15% से ज्यादा बढ़ी। बेड भी 60-75% भरे रहे।

भारत रिस्क लिस्ट से बाहर
एनवीडिया पर सख्ती से अंबानी, अदाणी को लाभ

अमेरिका ने चीन तक एआई के एडवांस चिप पहुंचने से रोकने के लिए सिंगापुर, मलेशिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया के डेटा सेंटरों पर हाई-एंड चिप निर्यात की सख्त लाइसेंसिंग नीति लागू कर दी है। भारत इस रिस्क लिस्ट में नहीं है। भारत अमेरिका की 'पैक्स सिलिका' पहल का आधार बने सैन फ्रांसिस्को घोषणापत्र पर भी दस्तखत कर चुका है। इसका मकसद एआई सप्लाई चेन को चीन से सुरक्षित रखना है। इसका फायदा रिलायंस और अदाणी ग्रुप को मिल सकता है। रिलायंस 10 लाख करोड़ रुपए का एआई हब और मेटा के लिए 168 मेगावाट का डेटा सेंटर बना रही है। दूसरी तरफ अदाणी ग्रुप का साल 2035 तक 9 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का दांव है और गूगल उसका पार्टनर है।



क्रिस्टल क्रॉप का आईपीओ अंतिम दिन 17.68 गुना भरा

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

एग्रोकेमिकल कंपनी क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन के आईपीओ को निवेशकों ने हाथोंहाथ लिया है। 455.49 करोड़ का यह आईपीओ शुक्रवार अंतिम दिन तक 17.68 गुना सब्सक्राइब हुआ। कंपनी ने कुल 1.18 करोड़ शेयर बेचने की पेशकश की थी, जिसके मुकाबले एक्सचेंज डेटा के मुताबिक निवेशकों से 20.80 करोड़ से ज्यादा शेयरों के लिए कुल 5,658.83 करोड़ रुपए की बोलियां मिलीं। अंतिम दिन बड़े व्यक्तिगत निवेशकों ने आईपीओ में ज्यादा रुचि दिखाई। इनका हिस्सा 39.16 गुना सब्सक्राइब हुआ। इस श्रेणी में बिक्री के लिए पेश 24.99 लाख शेयरों के मुकाबले 9.79 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां मिलीं। क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशन इन्वेस्टर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व हिस्सा 15.8 गुना भरा। इस श्रेणी में 33.32 लाख शेयरों के मुकाबले 5.27 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां मिलीं।

उम्मीद • ग्रे मार्केट में 5.3% प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा

आईपीओ ट्रैकिंग वेबसाइट इन्वेस्टरगेन के अनुसार, ग्रे मार्केट में क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन का शेयर 5.33% प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा है। यानी अनौपचारिक बाजार में इसके इश्यू प्राइस से 5.33% ऊपर लिस्ट होने के संकेत हैं। हालांकि यह सिर्फ बाजार के मूड का अंदाजा है, लिस्टिंग पर मुनाफे की पक्की गारंटी नहीं।

किचन • जुलाई-सितंबर में चीनी, साबुन जैसे जरूरी सामान 45% तक महंगे

परिवारों ने सामान 7% ही ज्यादा खरीदा, पर महंगाई ने 15% बढ़ाया किराना बिल

भास्कर न्यूज | मुंबई

भारतीय परिवारों ने जुलाई-सितंबर में रोजमर्रा के जरूरी सामान पर ज्यादा खर्च किया, पर इसका बड़ा हिस्सा बढ़ी कीमतों के हिस्से में गया। चीनी, बिस्किट, साबुन और पेंट जैसे सामान 6-45% महंगे हो गए।

कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज की रिपोर्ट के मुताबिक, बीती तिमाही एफएमसीजी (रोजमर्रा के सामान) कंपनियों की बिक्री (वैल्यू में) 15.6% बढ़ी। पर एचयूएल जैसी बड़ी कंपनी की बिक्री (मात्रा में) सिर्फ 7% बढ़ पाई। यानी खरीदारी स्थिर रही, लेकिन ग्राहकों का बिल बढ़ गया। चीनी, गेहूं, दूध और पाम ऑयल जैसे कच्चा माल महंगे हुए तो कंपनियों ने बोझ दाम बढ़ाकर ग्राहकों पर डाला। राहत नारियल तेल जैसे कुछ सामान में ही मिली।

गेहूं, दूध, पाम ऑयल की कीमतें 11% तक बढ़ गईं

सामान	दाम बढ़े/घटे
चीनी	▲ 45%
नारियल तेल	▼ 31%
गेहूं	▲ 11%
पाम ऑयल	▲ 10%
दूध	▲ 5%

एचयूएलः कीमत में बिक्री 15% बढ़ी, पर मात्रा में 7%

कंपनी	बिक्री (मूल्य)	बिक्री (मात्रा)
एचयूएल	15%	7%
नेस्ले	20.4%	14%
डाबर	10.7%	5.5%
कोलगेट	12.3%	8%
एशियन पेंट्स	14.5%	6.4%
पिडिलाइट	21.5%	10.7%

सोतः कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज

मसाले, जूते भी महंगे हुए

- **मसालेः** ऑर्कला इंडिया की आय 18.4% बढ़ी, जबकि बिक्री की मात्रा सिर्फ 2.9% बढ़ पाई। मसाला कारोबार की आय 25% उछली, क्योंकि कंपनी ने इनके दाम 48% बढ़ा दिए। • **जूतेः** मेट्रो ब्रांड्स में एक जोड़ी की औसत कीमत 10% और बिक्री करीब 2% बढ़ी। कैंपस एक्टिववियर ने औसत कीमत 6% बढ़ाई, जबकि इसकी बिक्री 10.3% बढ़ गई। • **चाय, नमकः** टाटा कंज्यूमर की भारत में चाय की बिक्री मात्रा में स्थिर रही और सेल्स वैल्यू 1% घटी। नमक की बिक्री मात्रा में 9% बढ़ी, पर दाम बढ़ने बिक्री की वैल्यू 15% बढ़ गई। • **कोल्ड ड्रिंकः** वरुण बेवरेजेज की बिक्री मात्रा में 22.5% बढ़ गई, बावजूद इसके कि प्रति यूनिट औसत कीमत सिर्फ 0.5% ही बढ़ाई गई।

एआई से मेडिकल साइंस दस साल में 100 साल जितनी तरक्की कर सकता है

भास्कर न्यूज | न्यूयॉर्क

एआई की मदद से मेडिकल साइंस अगले 10 वर्षों में इतनी तरक्की कर सकता है, जितनी अब तक 100 वर्षों में हुई है। एंथ्रोपिक के सीईओ डारियो अमोदेई ने यह दावा किया।



अमोदेई ने कहा कि एआई वैज्ञानिकों के साथ मिलकर बीमारियों को समझने, नई दवाएं बनाने और इलाज खोजने की रफ्तार कई गुना बढ़ा सकता है। अमोडेई के मुताबिक, वैज्ञानिक पहले ही कैंसर से जुड़े जीन, प्रोटीन की संरचना समझने और नई दवाओं के डिजाइन में एआई इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे वर्षों में होने वाला रिसर्च कम समय में पूरा करना संभव हो रहा है। उन्होंने जीन एडिटिंग तकनीक क्रिस्पर का उदाहरण दिया। इससे पहली दवा विकसित करने और उसे मंजूरी मिलने में कई साल लगे थे।

फिलंथ्रॉपी • चैरिटी में शिक्षा पर ज्यादा जोर

दान में नाडार 5वें साल टॉप, अदाणी दूसरे नंबर पर पहुंचे

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2025-26 में देश के अमीरों ने शिक्षा के लिए सबसे ज्यादा ₹4,188 करोड़ दान में दिए। लेकिन, दान बढ़ने की रफ्तार स्वास्थ्य और पर्यावरण सेक्टर में सबसे तेज रही।

स्वास्थ्य क्षेत्र में दान की राशि 82% बढ़कर ₹1,768 करोड़ और पर्यावरण क्षेत्र में 86% बढ़कर ₹813 करोड़ हो गई। कला, संस्कृति और विरासत तीसरे नंबर पर रहा, जहां परोपकारियों ने ₹1,377 करोड़ दान में दिए। एडेलगिव-हुरुन इंडिया फिलंथ्रॉपी लिस्ट 2026 के मुताबिक, 219 दानदाताओं ने कुल ₹11,554 करोड़ दिए, जो वित्त वर्ष 2024-25 के कुल ₹10,380 करोड़ के दान से 11% ज्यादा है। शिक्षा क्षेत्र के लिए 200 दानदाताओं ने योगदान दिया, जबकि 175 ने स्वास्थ्य और 104 ने पर्यावरण के लिए पैसा दिया। एचसीएल के संस्थापक शिव नाडार और उनका परिवार ₹2,593 करोड़ के दान के साथ लगातार पांचवीं बार पहले स्थान पर रहे।

गौतम अदाणी, परिवार का दान 127% बढ़ा

दानदाता	दान (करोड़)	सालाना बढ़ा/घटा
शिव नाडार	2,593	-4%
गौतम अदाणी	877	+127%
बजाज परिवार	632	+42%
मुकेश अंबानी	620	-1%
नंदन नीलेकणी	380	+4%

लड़कियों की पढ़ाई और स्कॉलरशिप पर भी जोर

- इंफोसिस के सह-संस्थापक एसडी शिबुलाल की पत्नी कुमारी शिबुलाल ने 44 करोड़ दान किए, 42 करोड़ शिक्षा के लिए।
- हरीश व बीना शाह फाउंडेशन ने लड़कियों की शिक्षा के लिए 100 करोड़ देने का वादा किया।

Gujarat Narmada Valley Fertilizers and Chemicals Limited
(An ISO 9001, ISO 14001, ISO 45001 & ISO 50001 Certified Company)
Regd. Office: P.O.Narmadanagar - 392015, Dist.: Bharuch (Gujarat), India
CIN: L24110GJ1976PLC002903, Website: www.gnfc.in

TENDER NOTICE FOR APPOINTMENT OF CONSULTANT FOR SELECTION OF TECHNOLOGY LICENSOR & OTHER RELATED SERVICES FOR 350 KTPA ACETIC ACID PLANT AT BHARUCH COMPLEX

Gujarat Narmada Valley Fertilizers & Chemicals Limited (GNFC) invites bid from prospective bidders for the appointment of a Consultant to assist in the selection of Technology Licensor & other related services for 350 KTPA Acetic Acid Plant at Bharuch complex. Interested applicants can access the Notice Inviting Tender (NIT) document uploaded on the website: https://www.gnfc.in.

Applicants are requested to submit their responses on or before, Date: 28th November 2026 before 5:00 PM.

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 3958/न.पा.नि. / 2026 रायगढ़ दिनाँक 20/11/2026

|| ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ||

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सि.नि.क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत राशि रू. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
01	204416	नगर पालिक निगम, रायगढ़ क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वार्डों में लगे विद्युत पोलों का स्पिस्टिंग कार्य। (द्वितीय निविदा)	40.00	07.12.2026
02	204422	ADDITIONAL WORK AT PANCHTATWA PARK. (2nd Call)	87.34	07.12.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि., रायगढ़

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

क्षेत्रीय कार्यालय- बिलासपुर, पहली मंजिल, टीआर कॉम्प्लेक्स, एसबीआई के सामने, राजकिशोर नगर, लिंगियाडीह, बिलासपुर-495006 (छ.ग.), 07752-310229 / 310231
ई-मेल: recovery.bilaspur@bankofbaroda.com

बिक्री सूचना (ई-नीलामी) चल संपत्तियों की ई-नीलामी

दृष्टिबंधक अनुबंध के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए चल संपत्तियों की ई-नीलामी रखी गई हैं, इस सूचना के द्वारा आम जनता और विशेष रुप से ऋणी एवं जमानतकर्ता को सूचित किया जाता हैं कि निम्नवर्णित दृष्टिबंधक चल संपत्तियां जो कि प्रतिभूत लेनदार के पक्ष में, जिनका भौतिक कब्जा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चूका हैं की ई-नीलामी "जो हैं जैसी हैं जहां हैं एवं जो कुछ भी हैं" के आधार पर रखी गई है. कर्जदारों / जमानतदारों / सिक्योर्ड एसेट्स / बकाया / आरक्षित मूल्य / ई-नीलामी की तारीख, समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया हैं- नीलामी बैंक ऑफ़ बड़ौदा की वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से दिनांक 09.12.2026 को दोपहर 02.00 बजे से अपरान्ह् 6.00 बजे के बीच ऑनलाइन ई-नीलामी से होगी।

क्र.	शाखा / दूरभाष सं.	ऋणकर्ता / बंधककर्ता का विवरण	बिक्री होने वाली संपत्ति का विस्तृत विवरण	वर्ष	बकाया ऋण (रु.)	प्रारक्षित मूल्य / बयाना राशि (रु.)
01	जशपुर शाखा, जशपुर 7797201001	श्री शिवप्रसाद राम पिता श्री बुधराम ग्राम - वासुदेव पुर चराईडांड, जिला-जशपुर, छ.ग.-496225	TATA TIGOR XM 1.2 RTN BS6PH2 CAR RC No. CG 14 MU 1751	2024	रु. 7,19,144/- + ब्याज एवं अन्य प्रभार	रु. 3,15,000.00 रु. 31,500.00
02	जशपुर शाखा , जशपुर 7797201001	सुनीता सहारे पता: बालाछापर, जशपुर, छत्तीसगढ़ - 496331	TATA TIGOR XM 1.2 RTN Reg. No. CG 14 MS 5725	2023	रु. 5,31,282/- + ब्याज एवं अन्य प्रभार	रु. 3,24,000.00 रु. 32,400.00
03	जशपुर शाखा , जशपुर 7797201001	श्री आकिब खान पता: भेलवाटोली, जशपुर (छ.ग.) - 496334	TATA NEXON SMART +PMT Reg. No. CG 14 MS 9977	2023	रु. 8,30,402/- + ब्याज एवं अन्य प्रभार	रु. 4,86,000.00 रु. 48,600.00
04	जशपुर शाखा, जशपुर 7797201001	श्रीमती प्रीति तिग्गा पता: गिनाबहार , जशपुर नगर, छ.ग. - 496225	TATA TIAGO XZ+ 1.2 RTN BS6 Registration No.: CG 14 MS 0590	2022	रु. 5,29,503.90 + ब्याज एवं अन्य प्रभार	रु. 2,91,600.00 रु. 29,160.00
05	जशपुर शाखा, जशपुर 7797201001	श्री सेवक शुक्ला पता : 104 सकरडेगा, रायगढ़, छ.ग. - 496331	TATA ALTROZ XM +1.2P BS6PH2 Registration No. CG 14 MS 6128	2023	रु. 7,26,450/- + ब्याज एवं अन्य प्रभार	रु. 3,64,500.00 रु. 36,450.00

बयाना राशि जमा करने की अंतिम तारीख 09.12.2026 हैं समय सायं 06.00 बजे तक. इच्छुक बोलीदाता संपत्ति का निरीक्षण कार्यदिवस के दिनों में, कार्य के समय के दौरान, पहले से अनुमति लेकर किया जा सकता हैं. बोली लगाने वाले व्यक्ति बोली के समय अपने प्रस्ताव को रु. 5,000.00 (रुपये पांच हजार मात्र) के गुणज में उन्नत कर सकते हैं. बिक्री संबंधित विस्तृत जानकारी ई-नीलामी एजेन्सी की वेबसाइट https://baanknet.com से प्राप्त की जा सकती हैं.

सांविधिक 15 दिवसीय बिक्री नोटिस. ऋणकर्ताओं / गारंटीकर्ताओं को एतद् द्वारा नीलामी तिथि से पूर्व उपरोक्त लिखित राशि का भुगतान करने की सूचना दी जाती है, अन्यथा संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी एवं शेष बकाया यदि कोई होगी तो उसकी वसूली विधिक पद्धति से उनसे लागत व ब्याज सहित कर ली जाएगी.

दिनांक: 21.11.2026, स्थान: बिलासपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

क्षेत्रीय कार्यालय- बिलासपुर, पहली मंजिल, टीआर कॉम्प्लेक्स, एसबीआई के सामने, राजकिशोर नगर, लिंगियाडीह, बिलासपुर-495006 (छ.ग.), 07752-310229 / 310231
ई-मेल: recovery.bilaspur@bankofbaroda.bank.in

बिक्री सूचना संपत्तियों की ई-नीलामी- "परिशिष्ट- IV - ए (नियम 8(6) और 9(1) देखें)"

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 6(2) और 8(6) के अंतर्गत चल / अचल संपत्तियों की ई-नीलामी रखी गई हैं। इस सूचना के द्वारा आम जनता और विशेषकर ऋणी, बंधककर्ता(ओं) एवं जमानतकर्ता(ओं) को सूचित किया जाता हैं कि निम्नवर्णित दृष्टिबंधक / गिरवी / बंधक चल / अचल संपत्तियों जो कि प्रतिभूति लेनदार के पक्ष में, जिनका सांकेतिक / भौतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका हैं कि बिक्री निम्नवर्णित खातों में वसूली के लिए ई-नीलामी द्वारा " जो हैं जहां हैं " , " जो हैं जैसी हैं " एवं " जो कुछ भी हैं " के आधार पर रखी गई हैं। कर्जदारों / जमानतदारों / सिक्योर्ड एसेट्स / बकाया / आरक्षित मूल्य / ई-नीलामी की तारीख, समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया हैं-

ई-नीलामी की तिथि एवं समय: 09.12.2026, दोपहर 02.00 बजे से सायं 06.00 तक

क्र.	ऋणकर्ता/जमानतदार (ओं) बंधककर्ता (ओं) का विवरण नाम एवं पता	चल/अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण के साथ बैंक की जानकारी में कोई अधिभार नहीं हैं.	कुल बकाया राशि	1. प्रारक्षित मूल्य 2. बयाना एवं 3. बोली राशि	कब्जे का स्वरूप सांकेतिक/ भौतिक
01	1. मेसर्स वेदांशी पब्लिकेशन प्रोप श्री अजीत कुमार साहू पिता श्री फागुलाल साहू , ग्राम- खजुरी नवागांव, काठकोनी, तखतपुर रोड बिलासपुर, (छ.ग.)-495001 2. श्रीमती पमिता साहू पति श्री अजीत कुमार साहू (जमानतदार), 32 नरियारा,पोस्ट ऑफिस नरियारा, उप जिला- मालखरौदा, जिला-जांजगीर चांपा, छ.ग.- 495691 3. श्री फागुलाल साहू पिता श्री रूपसाय, पता - 32 नरियारा, पोस्ट ऑफिस नरियारा, उप जिला - मालखरौदा, जिला जांजगीर चांपा, छ.ग. - 495691. बिलासपुर मुंगेली रोड शाखा	साम्यिक बंधक परिवर्तित आवासीय भूमि स्थित खसरा नं.- 666 / 16, क्षेत्रफल- 1200 वर्गफीट स्थित प्लाट नं.- 83, मौजा मेंड्रा, प.ह.नं. - 42, आरएनएम सकरी, विकासखंड और तहसील- तखतपुर, जिला- बिलासपुर, छ.ग. हैं जो श्रीमती पमिता साहू पति श्री अजीत कुमार साहू के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर: पिछले मालिक की भूमि, दक्षिण: पिछले मालिक की भूमि, पूर्व: सड़क, पश्चिम: पिछले मालिक की भूमि. साम्यिक बंधक परिवर्तित आवासीय भूमि स्थित खसरा नं. - 263 / 43, क्षेत्रफल - 1896 वर्गफीट स्थित प्लाट नं.- 40 / 04, खसरा नं.- 263 / 43, प.ह.नं.- 40, मौजा तिफरा, आरएनएम बिलासपुर , विकासखंड बिल्हा , तहसील और जिला - बिलासपुर, छ.ग. हैं जो श्री फागुलाल साहू पिता श्री रुपसाय और श्री अजीत कुमार साहू पिता श्री फागुलाल साहू के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर: शमशान घाट का दिवाल, दक्षिण: विवेकानन्द सुमन की भूमि, पूर्व: नजरु खान की भूमि,पश्चिम: निस्तारी रोड.	रु. 46,72,636.17 + ब्याज + अन्य प्रभार	रु. 8,74,800.00 रु. 87,480.00 रु. 10,000.00 रु. 24,78,600.00 रु. 2,47,860.00 रु. 10,000.00	भौतिक कब्जा भौतिक कब्जा
02	श्रीमती प्रियंका दुलानी पति स्व. श्री हरीश कुमार दुलानी पता: मकान नं. 246, वार्ड क्र.- 06, नई सब्जी मंडी के पास, मनेंद्रगढ़,एमसीबी,छ.ग.-497442 शाखा : मनेन्द्रगढ	साम्यिक बंधक आवासीय फ्लैट नं. - 209, दूसरी मंजिल, वेलकम हाइट्स, खसरा नं.-438 / 99 और 441 / 4 का हिस्सा, ग्राम- पंडरी तराई, शंकर नगर, वार्ड नं.- 31, प. ह. नं. - 109, रायपुर , छ.ग. हैं जो श्रीमती प्रियंका दुलानी पति स्वर्गीय श्री हरीश कुमार दुलानी के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर: आस्था अपार्टमेंट और विक्रेता की संपत्ति , दक्षिण : सड़क और पाठक की भूमि , पूर्व : श्मशान घाट की दीवार, पश्चिम: सड़क और अन्य की भूमि.	रु. 13,81,161.49 + ब्याज + अन्य प्रभार	रु. 15,39,000.00 रु. 1,53,900.00 रु. 10,000.00	भौतिक कब्जा
03	श्री रमेश चंद पांडे पता: ईडब्ल्यूएस 11 305, सेक्टर 29, नया रायपुर, रायपुर, छ.ग. - 492002 शाखा: जांजगीर	आवसीय भूमि संपत्ति भूमि क्षेत्रफल- 590.72 वर्गफीट, प्लाट नं.-एक-04, खसरा नं. - 1922 / 1, प.ह. नं.- 02, आर.एन.एम. चांपा, 'डीयी तनिष्क' मौजा- सिवनी, तहसील-चांपा, जिला- जांजगीर-चांपा, राज्य-छ.ग. में स्थित है। संपत्ति की सीमाएँ: रोल डीड के अनुसार- उत्तर : प्लाट नं.-3, दक्षिण : प्लाट नं.-5 , पूर्व : विक्रेता का प्लाट, पश्चिम : सड़क.	रु. 17,56,762.00 + ब्याज + अन्य प्रभार	रु. 11,50,200.00 रु. 1,15,020.00 रु. 10,000.00	भौतिक कब्जा
04	श्री धर्मेन्द्र सिंगाड़े पिता श्री भाऊ दास सिंगाड़े मकान नं. 249 तिफरा, पंचशील कॉलोनी तिफरा, बिलासपुर छ.ग.- 495223, श्रीमती निशा सिंगाड़े, आर बी ग्रीन बिहार निवासी यदुनंदन नगर, तिफरा, बिलासपुर, छ.ग.- 495223	साम्यिक बंधक आवासीय भूमि , क्षेत्रफल- 1365 वर्गफीट स्थित खसरा नं. 304 / 7, ग्राम-घुरु, प.ह.नं.- 61, आरआईसी सकरी, तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर, छ.ग. हैं जो श्री धर्मेन्द्र सिंगाड़े के नाम पर हैं. संपत्ति की सीमाएं: उत्तर : धीरज सूर्यवंशी की भूमि, दक्षिण: विक्रेता की भूमि, पूर्व: निरतारी रोड, पश्चिम: गुलाब सिंह की भूमि.	रु. 17,95,272.00 + ब्याज + अन्य प्रभार	रु. 18,79,200.00 रु. 1,87,920.00 रु. 10,000.00	भौतिक कब्जा

शाखा: तिलकनगर

संपत्ति निरीक्षण की तारीख और समय 08.12.2026 दोप. 01 से शाम 04 बजे तक (पहले से अनुमति लेकर) बिक्री संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया ऑनलाइन ई-नीलामी पोर्टल https://baanknet.com में दिये गये लिंक का संदर्भ लें. भावी बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी से मोबाईल नंबर:- 07752-310231 पर भी संपर्क कर सकते हैं.

दिनांक: 21.11.2026, स्थान: बिलासपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

बिजनेस ब्रीफ

टीना अंबानी ने लुकआउट नोटिस की जानकारी मांगी

नई दिल्ली | अनिल अंबानी की पत्नी टीना अंबानी ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर करके पूछा है कि क्या उनके खिलाफ ईडी या गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय ने लुकआउट सर्कुलर जारी किया है। वह 10 दिसंबर से विदेश यात्रा पर जाना चाहती हैं। कोर्ट ने संबंधित एजेंसियों से जवाब मांगा है।

मस्क का प्लानः सिग्नल के लिए छत पर छोटे टावर

नई दिल्ली| इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स मोबाइल नेटवर्क के कमजोर सिग्नल और नो-नेटवर्क की समस्या खत्म करने की तैयारी में है। कंपनी ऐसे छोटे सेल टावर बना रही है, जिन्हें घरों की छत पर लगाया जा सकेगा।

इंडियन बैंक Indian Bank इलाहाबाद ALLAHABAD

इंडियन बैंक शाखा : कोदरी

ई-नीलामी दिनांक -23.12.2026, समय प्रातः 10 से सायं 5 बजे

अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002, के अंतर्गत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन नियम) 2002 के नियम 6(2) तथा 8(6)/9(1) के तहत विक्रय सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को तथा उधारकर्ता एवं जमानतदारों को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि रक्षित लेनदार के पास बंधक रखी गई निम्नलिखित अचल संपत्ति जिसका कब्जा रक्षित लेनदार इंडियन बैंक, शाखा : कोदरी, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, का विक्रय "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है", और "जो कुछ भी है" के आधार पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को रक्षित लेनदार इंडियन बैंक, शाखा : कोदरी द्वारा उधारकर्ता तथा जमानतदारों से निम्नानुसार बैंक को देय धनराशि की वसूली हेतु किया जाएगा।

ई-नीलामी के माध्यम से विक्रय की जाने वाली संपत्ति का विशिष्ट विवरण निम्नलिखित है:

क्र.	उधारकर्ता व जमानतदार का नाम, पता एवं शाखा का नाम	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य	धरोहर जमा राशि	बोली जमा करने की वृद्धिशील राशि	संपत्ति आईडी क्र.
1.	मे. हिन्दुस्तान पोल्ट्री फॉर्म, प्रो. मो. सहाबुद्दीन, बहेलिया टोला, मौजा - सारबाहरा, रा.नि.मं. - गौरेला, तहसील - पेण्ड्रा रोड, जिला - गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.)-495117, मो. सहाबुद्दीन पिता श्री मो. समसुद्दीन, वार्ड क्र.-15, आजाद चौक, पेण्ड्रा, जिला - गौरेला पेण्ड्रा मरवाही, (छ.ग.)-495117	रु. 1,50,59,666.25 दिनांक 20.11.2026 + ब्याज एवं अन्य खर्च	रु. 1,35,80,000/-	रु. 13,58,000/-	रु. 10,000/-	IDIB5012 3841329

संपर्क व्यक्ति:- अभिलाष राणा मो. 7077008386

बंधक रखी गई संपत्तियों का विस्तृत विवरण :- खसरा क्र. 860/4/जी/2 (नया खसरा - 860/15), प.ह.नं. - 20, वार्ड क्र. 15, बहेलिया टोला, मौजा - सारबाहरा, रा.नि.मं. - गौरेला